


नवभारत 11
भोपाल, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025


**एक नजर में**

## रोजगार देने होगा युवाओं का साक्षात्कार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्ररोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के सहयोग से आज 28 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से शायं 4 बजे तक शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में रोजगार मेलायुवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। मेले में रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे।**

रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई,स्नातक, डिप्लोमा उत्तीर्ण समस्त बेरोजगार युवा अपने प्रमाण पत्रसमग्र आईडी आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस युवा संगम में कंपनिया उपस्थित हो रही हैं जिनमें टेस्ला इंडिया मंडीदीप वेतन 12000 25000 रिक्तियों की संख्या. 100 मिंडा कॉरपोरेशन वेतन12000रिक्तियों की संख्या.100, लावा मोबाइल वेतन12500 रिक्तियों की संख्या 100, पुखराज हेल्थकेयर सागर, वेतन10000 से 25000रिक्तियों की संख्या100 शामिल हैं।

# खाद वितरण केन्द्रों पर रहें समुचित व्यवस्थाएं

**कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश**

**शासन की विभिन्न योजनाओं पर की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने खाद वितरण, भावांतर योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।**

बैठक में श्री श्रोत्रिय ने बताया कि मप्र शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ को नवीन फायर स्टेशन स्थापित करने हेतु टीकमगढ़ किला में मप्र शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को संत रविदास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ग्राम डुमरउमोटा में, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु ग्राम प्रेमपुरा में, मप्र शासन लोक स्वास्थ्य यात्रिंकी विभाग द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बानसुजारा ग्राम समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत उच्च स्तरीय टंकी निर्माण हेतु ग्राम मऊघाट तहसील टीकमगढ़ में, मप्र शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर परिषद बल्देवगढ़ को एसबीएम 2.0 योजनान्तर्गत यूज्ड वॉटर मेनेजमेंट प्लांट एवं गीता भवन निर्माण हेतु तहसील बल्देवगढ़ में और मप्र शासन आयुष विभाग, द्वारा आयुष विभाग को नवीन आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु ग्राम मुहाराखास तहसील जतारा में भूमि आवंटन किया गया है। श्री श्रोत्रिय ने बैठक में खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों से मांग आपूर्ति और वितरण की जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार लंबित शिकायतों ,सौ दिवस से अधिक लंबित शिकायतों एवं समाधान ऑनलाइन में चयनित एंट्रीब्यूट का बारीकी से अवलोकन कर कम प्रगति वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की तथा निराकरण हेतु सख्त निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कदंब का मेला एवं जलबिहार महोत्सव, ओरछा-शाहगढ़ मार्ग चौड़ीकरण,आदि कर्मयोगी अभियान, भावांतर भुगतान योजना, कोर्ट प्रकरण सहित योजनाओं की समीक्षा की।

**समय-सीमा की बैठक में इनकी रही मौजूदगी**

प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं का क्रियांवयन करने पर जोर दिया। उन्होनें पात्र हितग्राहियों को शाासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## पुलिस ने कार से की भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवभारत न्यूज पलेरा।** **पलेरा थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक कार से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस वाहनों की चेकिंग के लिए तैनात थी। इसी दौरान एक लाल रंग की कार को रोककर जांच की गई।**

इस मामले में खुद को पत्रकार कल्याण परिषद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाले पुष्पेंद्र सक्सेना को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी टीकमगढ़ के चकरा रोड का निवासी है। पुलिस ने हनोथा तिगैला पर चेकिंग के दौरान लाल रंग की इस कार को रोका। तलाशी लेने पर कार से लगभग 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पलेरा थाना प्रभारी मनोज सोनी ने बताया कि यह कार बमीठा फोरलेन से टीकमगढ़ की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछंताछ की जा रही है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।समाजसेवी सुरेश दौंदेरिया का कहना है कि ऐसे ही लोग पत्रकारिता को बदनाम करने में लगे हैं।

पुलिस फिलहाल इस बात का पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और कहां सप्लाई होने थी। पुलिस ने मौके पर ही कार और शराब जब्त कर ली। जप्ती के दौरान पुलिस को कार से कई न्यूज चैनल की आईडी और प्रेस से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए युवक पुष्पेंद्र सक्सेना के पास से एक लाइसेंसी पिस्टल भी जप्त की गई है।

## स्टेशन पर दो यात्रियों के बीच जमकर मारपीट




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़** **शहर के झांसी मार्ग पर स्थित रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान दो यात्रियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। यह घटना करीब 10 मिनट तक चलती रही मगर रेलवे प्रबंधन से कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर काफी मशक्कत कर मामले को शांत कराया।**

मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के दौरान रेलवे सुरक्षाकर्मी मौके पर नजर नहीं आए जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष ने कोतवाली में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। स्टेशन पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर अक्सर रेल सुरक्षा के जवान नदारद रहते हैं। यात्रियों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा लेकिन कोई भी सुरक्षा गार्ड दिखाई नहीं दिया।

## गांव में शराब पर प्रतिबंध लगाने प्रस्ताव पारित

**नवभारत न्यूज पलेरा।** **पलेरा नगर स्थित रविदास मंदिर प्रांगण में अहिरवार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा और कड़ा कदम उठाते हुए समाज के समस्त लोगों ने सर्वसम्मति से क्षेत्र में शराब व गांजे का सेवन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।**

बैठक में पलेरा अहिरवार समाज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी समाज के लोग शामिल हुए। समाज द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार यदि अहिरवार समाज का कोई भी व्यक्ति शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन करता या बेचता हुआ पाया जाता है तो उसे सामाजिक दंड का भागी माना जाएगा। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि विवाह, त्योहार, मंदिर, बाजार या किसी भी अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब का सेवन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर 5000 रुपए का सामाजिक आर्थिक दंड लगाया जाएगा। यदि दोषी व्यक्ति निर्धारित जुर्माना राशि जमा नहीं करता है तो उसका पूर्ण रूप से सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति उस बहिष्कृत व्यक्ति से किसी भी प्रकार का संबंध रखेगा या उसे अपने कार्यक्रमों में बुलाएगा उसे भी दोषी का समर्थक मानते हुए उस पर भी 5000का दंड लगाया जाएगा। समाज ने इस कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए एक और कड़ा प्रावधान जोड़ा है।

## राज्य स्तरीय मोगली महोत्सव के लिए प्रतिभागी रवाना



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **जूनियर और सीनियर वर्ग के 4 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव में शामिल होने के लिए पेंच अभ्यारण्य के लिए रवाना किया गया। यह महोत्सव सोमवार से शुरू हो चुका है। जिसका समापन 29 अक्टूबर को पेंच टाइगर रिजर्व में किया जाएगा।**

रवाना होने से पहले प्रतिभागियों ने नजरबाग स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने चारों खिलाड़ियों को महोत्सव में शामिल होने के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी भारत त्रिपाठी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय महोत्सव में मध्य प्रदेश के सभी जिलों की जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीमें सहभागिता कर रही हैं। टीकमगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व रोहन प्रजापति कुमारी रंजना अहिरवार शासकीय माध्यमिक शाला जिनागढ़, अमर सिंह कुशवाहा और कुमारी अंशिका सोनकिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिगोड़ा कर रहे हैं।तीन दिवसीय इस आयोजन का संयोजन मध्य प्रदेश शासन, लोक शिक्षण संचालनालय और एप्को भोपाल द्वारा किया जा रहा है। प्रतिभागी नेचर ट्रेल, जंगल सफारी और विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## भिक्षावृत्ति रोकने चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा ऊदल सिंह ठाकुर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिये जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।**

शिवधाम कुंडेश्वर में बैनर एवं पेम्पलेट स्टीकर्स के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान अंतर्गत महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों से अपील की गई कि बाल भिक्षावृत्ति एक गंभीर समस्या है जो बच्चों के समग्र विकास को प्रभावित करती है। यह उन्हें शिक्षाए स्वास्थ्य और पोषण से वंचित करती है तथा शारीरिक और भावनात्मक शोषण गरीबी के चक्र और अपराध जैसे जोखिमों में धकेलती है।

## रविवार से सोमवार तक बारिश का दौर रहा जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़** **पिछले दो दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जिले में जारी है जिससे बुवाई की तैयारी कर रहे किसानों को चिंता सता रही है। रविवार को पलेरा तहसील में लगभग आधा इंच बारिश दर्ज की गई जबकि टीकमगढ़, मोहनगढ़ और लिधौरा में भी आधा इंच से कम बारिश हुई। सोमवार को यह सिलसिला दोपहर एक बजे तक जारी रहा। अभी शहर में तीन दिन से सूर्य भगवान के दर्शन लोगों को नही हुए है।**

भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को टीकमगढ़ तहसील में आधा इंच से कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी। मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है।मौसम में आए इस बदलाव के कारण दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था जो शनिवार को घटकर 29 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रविवार को यह 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रात का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। जिले में इस बार औसत से करीब 11 इंच अधिक बारिश हो चुकी है कुल 54.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले साल इसी अवधि तक 43.5 इंच औसत बारिश हुई थी। अत्यधिक बारिश के कारण पहले भी खेतों में पानी भर गया था जिससे रबी फसलों की बुवाई में देरी हुई थी।अब एक बार फिर बारिश होने से किसानों को बुवाई के लिए मौसम साफ होने का इंतजार करना पड़ेगा। किसानों ने बताया कि जिन किसानों ने बुवाई कर दी है उन्हें इस बारिश से फायदा है।



# मोहनगढ़ क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम पर बोला हमला

**अधिकारी की शिकायत पर पुलिस में मामला दर्ज**

**मोहनगढ़ तहसील के मझगुंवा बिहार गांव का है मामला**




**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़ ।** **मोहनगढ़ क्षेत्र के मझगुंवा के बिहार ग्राम में विद्युत मंडल के कर्मचारी जब बिजली बिल बकायादारों से बसूली कर जब्ती की कार्यवाही कर रहे तभी ग्रामीणों ने विद्युत पंप जब्त करने गई टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने टीम के वाहन को रोककर जब्त की गई मोटरें छीन लीं। इस दौरान विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प भी हुई। हालाकि विद्युत विभाग के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।**

इस मामले में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता नितिन बाथम ने मोहनगढ़ थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि टीम अस्थायी कृषि पंप कनेक्शनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिहार निवासी रामस्वरूप अहिरवार के पास अवैध विद्युत मोटर का उपयोग पाया गया जिसे विभागीय टीम ने जब्त कर लिया। जब्त की गई मोटरों को कार्यालय ले जाते समय रामस्वरूप अहिरवार, अजय अहिरवार, सोनू अहिरवार और सुकन अहिरवार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने टीम के पिकअप वाहन के सामने बाइक रखकर रास्ता रोक लिया। जगभान सिंह यादव ने भी अपनी बोलेरो गाड़ी आगे खड़ी कर दी। इन चारों व्यक्तियों ने मिलकर विभागीय कर्मचारियों के साथ मारपीट की जिससे उनके कपड़े फट गए और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। हमलावरों ने विभाग की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की जिसमें नेम प्लेट और साइड ग्लास टूट गए। हमलावरों ने वाहन से अपनी जब्त मोटर के साथ-साथ पहले से जब्त की गई कुल 7 मोटरें छीन लीं। इनमें गंगाराम यादव, जयराम आदिवासी, कलुआ अहिरवार, जगभान यादव, मंगू यादव, राजू खंगार और रानू सेन की मोटरें शामिल थीं। उन्होंने धमकी दी कि यदि रिपोर्ट दर्ज कराई गई तो हरिजन एक्ट और छेड़छाड़ के झूठे मामले में फंसा दिया जाएगा। इस दौरान विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प भी हुई। हालाकि विद्युत विभाग के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर विवेचना करना शुरू कर दिया है।

**समस्या** ▶ गांव में लंबे समय से मुक्तिधाम की दिख रही कमी

# लुहर्रा गांव में पन्नी लगाकर किया गया अंतिम संस्कार



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़** **बल्देवगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लुहर्रा में एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव में मुक्तिधाम न होने के कारण बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे प्लास्टिक की पन्नी लगाकर युवक का अंतिम संस्कार किया गया।**

जानकारी के अनुसार यह घटना 18 वर्षीय सुमित पिता हरिशंकर यादव की मौत के बाद सामने आई। सुमित की मौत करंट लगने से हुई थी। रविवार शाम करीब 4 बजे गए खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन उसका अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचे। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई ।सोमवार को सुबह से हो रही बारिश के कारण अंतिम संस्कार स्थल पर कीचड़ और पानी भर गया था। ग्रामीणों को मजबूरन प्लास्टिक की पन्नियों का सहारा लेकर शवदाह करना पड़ा ताकि बारिश से बचाव हो सके। गांव में लंबे समय से मुक्तिधाम की कमी महसूस की जा रही है जिसके चलते ग्रामीणों को ऐसे विकट हालात में अंतिम संस्कार करने पड़ते हैं। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ग्रामीणों की परेशानी साफ दिख रही है। इसके पहले ग्राम पंचायत मातौल में भी ऐसा ही मामला सामने आया था। बारिश के मौसम में मुक्तिधाम की सुविधा न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव में पिछले 75 साल से शमशान भूमि नहीं बनी है। 87 वर्षीय रामस्वरूप तिवारी का अंतिम संस्कार बारिश से बचने के लिए चिता के ऊपर पन्नी लगाकर करना पड़ा था। हालांकि इसके बाद कलेक्टर ने 100 ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम बनाए जाने के निर्देश दिए थे। बल्देवगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लुहर्रा में एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव में मुक्तिधाम न होने के कारण बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे प्लास्टिक की पन्नी लगाकर युवक का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों में लुहर्रा गांव में अंतिम संस्कार करने के लिए मुक्तिधाम बनाए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है। ताकि आगे ऐसी समस्या ना बन सके।

**कलेक्टर ने दिए थे निर्देश**

इससे पहले भी खरगापुर क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान पर पन्नी लगाकर अंतिम संस्कार करने का मामला सामने आया था। उस समय कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए थे जिसमें उन्होनें जिले की एक सैकड़ा ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था अब बल्देवगढ़ क्षेत्र के गांव से यह मामला सामने आया है। इस पर भी प्रशासन जल्द एक्शन लेगा।

## स्थापना दिवस समारोह की बनी रूपरेखा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासन के निर्देशानुसार एक नवम्बर से 3 नवम्बर तक आयोजित मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह की जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।**

संबंधित विभागों को गौरवपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी आदि के लिए निर्देशित किया। सभी प्रमुख शासकीय भवनों पर एक नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाए ।समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान नामांतरण एवं बंटवारे के निराकृत प्रकरणों के आदेश की प्रति शिविर लगाकर आवेदनकर्ता उपस्थित हो।

## खाद व्यवस्था देखने पहुंचे तहसीलदार




**नवभारत न्यूज पलेरा।** **कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर किसानों को डीएपी व यूरिया खाद की किल्लत से राहत दिलाने के लिए प्रशासन के द्वारा सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं। सोमवार के दिन नगर की सेवा सहकारी समिति पर किसानों की भीड़ पहुंचने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।**

केन्द्र पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा भीड़ बढ़ने और व्यवस्था बिगड़ने की सूचना मिलते ही तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लेकर मौर्चा संभाला । तहसीलदार ने स्वयं किसानों को पंक्तिबद्ध कर खाद के टोकन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की। इस दौरान किसानों को क्रमवार टोकन दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या मारामारी की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। किसानों ने प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की। तहसीलदार ने केंद्र संचालक को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को आसानी से खाद दिलाएं।